Ans. (a) : ''मानस वन्यजीव अभ्यारण्य'' असम में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है। यह अभ्यारण्य यूनेस्कों द्वारा घोषित एक प्राकृतिक विश्व धरोहर स्थल, बाघ व हाथी के लिये आरक्षित जीवमंडल है। जबकि सीतामाता, शेरगढ़ व रामसागर अभ्यारण्य राजस्थान में स्थित है।

541. टॉडगढ़ रावली वन्यजीव अभयारण्य-------- जिले में स्थित नहीं है।

(a) अजमेर (b) राजसमंद
(c) टोक (d) पाली

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (c) : टॉडगढ रावली वन्यजीव अभ्यारण्य अजमेर, पाली और राजसमंद जिलो में फैला हुआ है। इसी अभ्याण्य में महाराणा प्राताप से सम्बंधित ''दीवेर प्लेस'' स्थित है। यह वह स्थान है जहाँ महाराणा प्रातप ने अकबर की मुगल सेना को हराया था। जेम्स टॉड ने अपनी पुस्तक ''एनल्स एंड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान'' में इसे ''मेवाड़ का मैराथन'' कहा है। इसी भू- भाग में भील बेरी झरना स्थित है।

542. टोडगढ़ रावली वन्यजीव अभ्यारण्य राजस्थान के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्थित है?

(a) अजमेर-जयपुर-सीकर
(b) अजमेर-जयपुर-पाली
(c) अजमेर-पाली-राजसमन्द
(d) अजमेर-उदयपुर-सिरोही

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

543. राजस्थान सरकार ने .... में वनस्पति उद्यान स्थापित करने की घोषणा की है–

1. जयपुर
2. जोधपुर
3. कोटा

(a) केवल 1 व 3 (b) केवल 2 व 3
(c) केवल 3 (d) सभी 1, 2 व 3

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (b) : राजस्थान सरकार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में विश्व वानिकी उद्यान (झालाना डूंगरी) जयपुर की तर्ज पर जोधपुर, बीकानेर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर व अजमेर में 30 करोड़ रूपये की लागत से वनस्पति उद्यान स्थापित करने की घोषणा की है। इन उद्यानों में अधिक से अधिक स्थानीय प्रजातियों के पौधे एवं वनस्पतियाँ लगाई जायेंगी।

नोट–आयोग ने सही उत्तर विकल्प (d) को माना है।

544. जोड़ा बनाएँ और दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनें–

1. पक्षी अभयारण्य A. ताल छापर
2. बाघ परियोजना B. केवलादेव घाना
3. काला हिरण अभ्यारण्य C. रणथम्भौर

कूट :

	1	2	3
(a)	A	B	C
(b)	B	A	C
(c)	C	A	B
(d)	B	C	A

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (d) : सही सुमेलित है–

पक्षी अभयारण्य	– केवलादेव घाना
बाघ परियोजना	– रणथम्भौर
काला हिरण अभयारण्य	– ताला छापर

545. अमृतादेवी, उनकी तीन पुत्रियों एवं अन्य सैकड़ों लोगों ने पेड़ों को बचाने के लिए अपना जीवन खोया। 1731 में किस रियासत के राजा ने पेड़ों को काटने का आदेश दिया?

(a) सीकर (b) जोधपुर
(c) उदयपुर (d) चित्तौड़गढ़

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (b) 1730 में जोधपुर रियासत के राजा अभयसिंह ने अपना फूल महल बनवाने के लिए जोधपुर के पास खेजरली गाँव में पेड़ों को काटने का आदेश दिया तत्पश्चात् विश्नोई समुदाय के लोग जिसमें अमृतादेवी एवं उनकी तीन पुत्रियों और सैकड़ों लोगों ने पेड़ों को बचाने के लिए 11 सितम्बर 1731 ई. को पेडों से चिपक कर आन्दोलन चलाया क्योंकि खेजड़ी का पेड़ उस समुदाय के जीवन में विशेष स्थान रखता है और उसकी शाखाओं एवं पेड़ों को काटना वर्जित माना जाता है। भीषण जनसंहार में लगभग 363 लोगों की हत्या हुई।

इस घटना से भविष्य में पर्यावरणीय आन्दोलनों विशेष रूप से चिपको आन्दोलन (उत्तराखण्ड) के संदर्भ में व्यापक प्रभाव पड़ा है। वर्ष 2013 में पर्यावरण और वन विभाग ने 11 सितम्बर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के रूप में घोषित किया गया है।

546. अमृता देवी बिश्नोई पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?

(a) खेलकूद (b) वन्यजीव संरक्षण
(c) संगीत (d) राजनीति

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (b) : अमृता देवी बिश्नोई पुरस्कार वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र में दिया जाता है। अमृता देवी बिश्नोई एक सामाजिक कार्यकर्ता थी, जिन्होंने 1731 ई. में राजस्थान के जोधपुर के पास खेड़ाली गांव में खेजड़ी वृक्ष की रक्षा के लिए 363 अन्य लोगों के साथ अपने जीवन का बलिदान दिया था।

547. अमृता देवी स्मृति पुरस्कार जिसके लिए दिया जाता है, वह है-

(a) वृक्षारोपण में श्रेष्ठ प्रयास
(b) वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए
(c) वन सुरक्षा पर श्रेष्ठ साहित्य
(d) उद्यानों का सौन्दर्यीकरण

उत्तर : (b)

व्याख्या-वृक्षों को बचाने के लिए अमृता देवी के बलिदान की स्मृति में राजस्थान सरकार द्वारा 1994 ई. में यह पुरस्कार प्रारंभ किया गया। राज्य का यह सर्वोच्च वानिकी पुरस्कार है जो वन तथा वन्य जीवों की सुरक्षा तथा वृक्ष संरक्षण के लिए किसी संस्था को एक लाख रु. तथा किन्हीं दो व्यक्तियों को 50,000 रु. के दो पुरस्कार खेजड़ली मेले में प्रदान किया जाता है।